श्री अशोक कुमार मित्तल, मेम्बर सर्विसेज़, डीसीसी ने आईटीआई लिमिटेड का दौरा किया ।

दिनांक 11 मार्च, 2022 को भारत सरकार, संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग के श्री अशोक कुमार मित्तल, मेम्बर सर्विसेज़, डीसीसी, डॉ. राजेश शर्मा, डीडीजी (एसयू) और श्री मुकेश मंगल, डीडीजी (एसए-II) ने आईटीआई का दौरा किया। आईटीआई बेंगलूरु संयत्र के वरिष्ठ अधिकारियों एवं निदेशक (उत्पादन), श्री डी. वेकटेश्वरलू, निदेशक (वित्त) श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक (विपणन) श्री राकेश चंद्र तिवारी ने उनका स्वागत किया।

दौरे के दौरान, श्री अशोक कुमार मित्तल, मेम्बर (सर्विसेज़), डॉ. राजेश शर्मा, डीडीजी (एसयू) एवं श्री मुकेश मंगल, डीडीजी (एसए-II) ने बैंगलूरु प्लांट में एसएमटी लाइन, टेलीकॉम टेस्टिंग लैब, अनुसंधान एवं विकास, डाटा सेटर एवं स्टार्टअप हब विन्यास की सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की।

डॉ. राजेश शर्मा, डीडीजी(एसयू) एवं श्री मुकेश मंगल, डीडीजी (एसए-।।) के साथ श्री अशोक कुमार मित्तल, मेम्बर (सर्विसेज़) ने निगमित कार्यालय का भी दौरा किया।

प्रचलित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु एक बैठक आयोजित की गई थी। निदेशक (उत्पादन) श्री डी. वेंकटेश्वरलू ने कंपनी का संक्षिप्त विवरण दिया और प्रचलित परियोजनाओं की स्थिति से सभी को अवगत कराया।